राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ में दिनांक 01.04 2025 को राजनीति शास्त्र विभाग द्वारा राजनीति शास्त्र में रोजगार के अवसर विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया | जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुश्री थर्मेश असिस्टेंट प्रोफेसर व्यवहार विज्ञान विभाग , श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय रही | इस व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थीयों को राजनीति विज्ञान के विभिन्न करियर विकल्पों से अवगत कराना और उनकी रुचि व कौशल के अनुरूप उपयुक्त रोजगार की पहचान करने में सहायता प्रदान करना रहा | यह व्याख्यान महाविद्यालय और अग्रवाल विद्याप्रचारिणी सभा के अध्यक्ष श्री देवेन्द्र कुमार गुप्ता जी और महासचिव श्री दिनेश कुमार गुप्ता और महाविद्यालय प्राचार्य डा़ संजीव कुमार गुप्ता के दिशा निर्देशन में हुआ | मुख्य वक्ता थर्मेश ने बताया कि राजनीति विज्ञान न केवल अकादमिक क्षेत्र व शोध बल्कि प्रशासनिक सेवाओं, मीडिया , पत्रकारिता, राजनीतिक परामर्शदाता, विश्लेषक और अंतराष्ट्रीय संस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का अवसर देता है| इस कार्यक्रम में 66 विद्यार्थीयों ने भाग लिया | उन्होंने मुख्य वक्ता से इस विषय में अपने करियर चुनने के संबंध में प्रश्न पूछे | महाविद्यालय प्राचार्य ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए उसे विद्यार्थीयों के भविष्य निर्माण के लिए महत्वपूर्ण बताया | यह कार्यक्रम राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्षा डा रितु के द्वारा करवाया गया |